Rapid Fire करेंट अफेयर्स (24 April)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-april-24

- हाल ही में **चुनाव आयोग** ने एंड्रायड यूज़र्स के लिये **वोटर टर्नआउट एप** लॉन्च किया। इस एप की मदद से मतदान के दौरान रियल टाइम में यह जाना जा सकता है कि वोटरों की संख्या कितनी है और कहाँ-कितने प्रतिशत मतदान हुआ। जल्दी ही इस एप को अपडेट किया जाएगा, जिसके बाद यूज़र्स मतदाता उपस्थिति को चुनाव के चरण, लिंग और क्षेत्र के हिसाब से फिल्टर करके भी देख सकेंगे। इसके अलावा संसदीय क्षेत्र स्तर पर डेटा को एक अन्य एप के ज़रिये लगातार अपडेट किया जाएगा ताकि रियल टाइम जानकारी दी जा सके।
- महाराष्ट्र के **जैतापुर** में बनने वाले छह रिएक्टरों वाले **परमाणु विद्युत संयंत्र** के लिये फ्राँस की परमाणु बिजलीघर बनाने वाली कंपनी EDF (Electricite de France) ने **भारत सरकार से गारंटी** मांगी है। इस कंपनी को जैतापुर में देश का सबसे बड़ा परमाणु बिजलीघर बनाने का कॉन्ट्रैक्ट मिला है। इस परमाणु बिजलीघर की क्षमता 1,650 मेगावॉट होगी। EDF ने दिसंबर 2018 में प्रोजेक्ट के सिलसिले में टेक्नो-कमर्शियल ऑफर देश के न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन (NPCIL) को दिया था, जो भारत सरकार का उपक्रम है और देश में कार्यरत 20 परमाणु रिएक्टरों का संचालन कर रहा है। परियोजना के लिये धन के इंतज़ाम की ज़िम्मेदारी NPCIL और अन्य निवेशकों की है। फ्राँस सरकार की एक्सपोर्ट क्रेडिट स्कीम के तहत BPI फ्राँस और SFIL इस परियोजना में धन लगा रही हैं। ये दोनों कंपनियाँ फ्राँस सरकार की हैं तथा इनके साथ ही कुछ बैंक भी परियोजना में शामिल हैं।
- ईरान के दौरे पर आए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ बातचीत के बाद राष्ट्रपति हसन रूहानी ने आतंकवाद का मुकाबला करने के लिये सीमा पर **संयुक्त त्वरित कार्रवाई बल** (Border Reaction Force) गठित करने पर सहमति जताई। ईरान का अशांत दक्षिण-पूर्वी सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत इस सीमा से सटा है और इस प्रांत में ईरान के सुरक्षा बलों पर कई हमले हो चुके हैं। कुछ समय पहले बलूचिस्तान में 14 पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मियों की हत्या कर दी गई थी, जिसके लिये पाकिस्तान ने ईरान स्थित आतंकी संगठन को ज़िम्मेदार ठहराया था। इससे दोनों देशों के बीच सिस्तान-बलूचिस्तान सीमावर्ती क्षेत्रों में तनाव पैदा हो गया था।
- अमेरिकी प्रशासन ने चीन, भारत और अपने सहयोगी देशों जापान, दक्षिण कोरिया और तुर्की से कहा है कि अगर उन्होंने ईरान से तेल का आयात जारी रखा तो उन्हें भी **अमेरिकी प्रतिबंधों** का सामना करना पड़ेगा। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने इस बात के संकेत दिये हैं कि पाँच देशों को प्रतिबंधों में अब और छूट नहीं दी जाएगी। इस छूट की अवधि 2 मई को समाप्त हो रही है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या इन पाँचों में किसी देश को अपनी खरीद को निपटाने के लिये अतिरिक्त समय मिलेगा या उन्होंने **ईरान से तेल का आयात** तुरंत नहीं रोका तो 3 मई को उन पर अमेरिकी प्रतिबंध लग जाएंगे। नवंबर के बाद से तीन देशों इटली, यूनान और ताइवान ने ईरान से तेल का आयात रोक दिया था। पिछले वर्ष ईरान पर प्रतिबंध लगाने के बाद अमेरिका ने कुछ देशों को 6 महीने के लिये ईरान से तेल खरीदने की छूट दी थी।
- **यूक्रेन** की राजनीति में रूस से बातचीत करने के समर्थक हास्य अभिनेता **वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की** लगभग 73.2% वोट पाकर देश के अगले **राष्ट्रपति** बनने जा रहे हैं। वर्तमान राष्ट्रपति पेत्रो पोरोशेंको ने पराजय स्वीकार कर ली है। ज़ेलेंस्की के पास कोई पिछला राजनीतिक अनुभव नहीं है। उन्हें **सर्वेंट ऑफ पीपल** नामक एक टीवी सीरीज़ से लोकप्रियता हासिल

हुई, जिसमें उन्होंने एक ईमानदार हाई-स्कूल अध्यापक की भूमिका निभाई थी जो कि राष्ट्रपति बनता है और भ्रष्टाचार से लड़ता है। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2014 में यूक्रेन में रूस समर्थित सरकार हटने के बाद से पेत्रो पोरोशेंको सत्ता में बने हुए थे। इस घटना के बाद रूस ने यूक्रेन के **क्रीमिया** पर कब्ज़ा कर लिया था।

- **श्रीलंका** में ईस्टर के मौके पर हुए बम धमाकों के आलोक में **आपातकाल** लगा दिया गया है, जिससे सुरक्षा बलों की आतंकवाद निरोधक शक्तियों में व्यापक इज़ाफा हो गया है। राष्ट्रपति मैत्रीपाल सिरिसेना की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया। ईस्टर संडे के दिन श्रीलंका के विभिन्न हिस्सों में हुए बम धमाकों में 300 से अधिक लोग मारे गए तथा 500 से अधिक घायल हुए हैं। श्रीलंका सरकार ने स्पष्ट किया है कि आपातकाल लगाने का एकमात्र उद्देश्य आतंकवाद निरोधक विनियमों को प्रभावी बनाना है और इससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बाधित नहीं होगी।
- पंजाब के **लुधियाना** में गुरु नानक स्टेडियम में खेले गए राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में **सर्विसेज़ (सेना)** ने मेजबान पंजाब को 1-0 से हराकर छठी बार संतोष ट्रॉफी जीत ली। अपने इस अभियान में सर्विसेज़ की टीम अजेय रही। उसने एक भी मैच नहीं गंवाया। सर्विसेज ने अपना पिछला खिताब 2015 में इसी मैदान पर मेजबान पंजाब को पेनाल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर जीता था। 11 बार फाइनल में पहुँच चुकी सर्विसेज़ की टीम ने छठी बार संतोष ट्रॉफी जीती है और पाँच मौकों पर वह उपविजेता रही। ऑल इंडिया फुटबाल एसोसिएशन ने पंजाब फुटबॉल एसोसिएशन के सहयोग से इस **73वीं संतोष ट्रॉफी प्रतियोगिता** का आयोजन किया था।